**16-03-2023**

# विश्व उपभोक्ता दिवस का हुआ आयोजन

मनी वर्मा
दैनिक देश मोर्चा




कानपुर। विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय कार्यालय कानपुर एवं क्षेत्रीय मार्क प्रयोगशाला कानपुर, भारत सरकार ने आया १५ मार्च २०२३ को राष्ट्रिय संस्थान कल्याणपुर कानपुर में विश्व उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया हर वर्ष १५ मार्च को उपभोक्ता अधिकारों पर जागरुकता फैलाने हेतु विश्व उपभो दिवस का आयोजन किया जाता है इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में डॉ गजेंद्र सिंह, उपकृषि विपणन सलाहकार विपणन एव निरीक्षण निदेशालय क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ ने काम की शुरूआत मे उपभोक्ता अधिकारो पर प्रकाश डाला एवं सभा मे उपस्थित केंद्रीय विद्यालय आईआईटी कानपुर के छात्रों से सजग उपभोक्ता बनाने की शपथ दिलाई श्री आरसी पांडेय, प्रावार्य, केंद्रीय विद्यालय, आईआईटी कानपुर ने भक्त होने के अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों का पालन करने हेतु सलाह दी। साथ ही ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर बल दिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र मोहन निदेशक, राष्ट्रिय संस्थान कल्याणपुर, कानपुर विश्व उपभोक्ता दिवस २०२३ के विषयरिंग क्लीन एनर्जी के परिपेक्ष में राष्ट्रिय संस्थान द्वारा क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में उठायें जाराला साथ है कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को प्रेरित किया की जागरूक नागरिक और उपभोक्ता बने श्री आर सी वर्मा प्रभारी क्षेत्रीय एगमार्क प्रयोगशाला कानपुर ने सभी उपस्थित अधिकारियों, अतिथियों एवं छात्रों का धन्यवाद ज्ञापन किया श्री अतुल कुमार द्विवेदी एवं श्री अनुपम कुमार विपणन अधिकारी विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, उपकार्यालय कानपुर ने सारे कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन किया कार्यक्रम मे एगमार्क अनुमोदित पदार्थो एवं कृषक उत्पादक समूहो द्वारा जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी साथ ही बच्ची की मिलावटी उत्पादों के पहचान हेतु सरल विधियों को मिनी लैब के माध्यम से क्षेत्रीय एगमार्क प्रयोगशाला, कानपुर के खापनों ने प्रदर्शित किया।

# विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया



कार्यक्रम को सम्बोधित निदेशक प्रो.नरेन्द्र मोहन व अन्य।

कानपुर, 15 मार्च। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में आज विश्व उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उपभोक्ता अधिकारों पर जागरुकता फैलाने हेतु विश्व उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपकृषि विपणन सलाहकार, विपणन व निरीक्षण निदेशालय, डा. गजेंद्र सिंह ने क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में कार्यक्रम की शुरुआत में उभोक्ता अधिकारो पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एनएसआई के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने कहाकि विश्व उपभोक्ता दिवस 2013 के विषय एम्पावरिंग कंस्यूमर्स थ्रू क्लीन एनर्जी के परिपेक्ष में एनएसआई द्वारा क्लीन एनर्जी के क्षेत्र मे उठाये जा रहे प्रयासो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय, आईआईटी, प्राचार्य आर.सी. पांडे ने उपभोक्ता होने के अधिकारों के साथ कर्तव्य का भी पालन करने की सलाह दी। इस दौरान आर.सी. वर्मा, अतुल द्विवेदी, अनुपम कुमार आदि मौजूद रहे।

# विश्व उपभोक्ता दिवस का हुआ आयोजन



**कानपुर (नगर छाया समाचार)।** विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, उपकार्यालय, कानपुर एवं क्षेत्रीय एगमार्क प्रयोगशाला, कानपुर, भारत सरकार ने आज राष्ट्रिय शर्करा संस्थान, कल्याणपुर, कानपुर में विश्व उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया। हर वर्ष 15 मार्च को उपभोक्ता अधिकारों पर जागरूकता फैलाने हेतु विश्व उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में उप कृषि विपणन सलाहकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ डॉ0 गजेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत में उपभोक्ता अधिकारों पर प्रकाश डाला एवं सभा में उपस्थित केन्द्रीय विद्यालय, आई0आई0टी0, कानपुर के छात्रों से सजग उपभोक्ता बनाने की शपथ दिलाई। प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय आई0आई0टी0 कानपुर श्री आर0सी0 पाण्डेय ने उपभोक्ता होने के अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करने हेतु सलाह दी। साथ ही ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक राष्ट्रिय शर्करा संस्थान, कल्याणपुर, कानपुर डॉ0 नरेन्द्र मोहन ने विश्व उपभोक्ता दिवस 2023 के विषय एम्पॉवरिंग कंस्यूमर्स थ्रू क्लीन एनर्जी के परिपेक्ष में राष्ट्रिय शर्करा संस्थान द्वारा क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में उठाये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को प्रेरित किया की वे जागरूक नागरिक और उपभोक्ता बने।

प्रभारी क्षेत्रीय एगमार्क प्रयोगशाला कानपुर श्री आर0सी0 वर्मा ने सभी उपस्थित अधिकारियो, अतिथियों एवं छात्रों का धन्यवाद ज्ञापन किया। श्री अतुल कुमार द्विवेदी एवं श्रअनुपम कुमार विपणन अधिकारी विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय उपकार्यालय कानपुर ने सारे कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन किया। कार्यक्रम में एगमार्क अनुमोदित पदार्थों एवं कृषक उत्पादक समूहों द्वारा जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी।

# शर्करा संस्थान में छात्रों को सजग उपभोक्ता बनाने की दिलाई शपथ



कानपुर । विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय एवं क्षेत्रीय एगमार्क प्रयोगशाला के तत्वाधान में बुधवार को राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया। उप कृषि विपणन सलाहकार डॉ0 गजेन्द्र सिंह ने उपभोक्ता अधिकारों पर प्रकाश डाला एवं सभा में उपस्थित केन्द्रीय विद्यालय, आई0आई0टी0 के छात्रों को सजग उपभोक्ता बनाने की शपथ दिलाई। केन्द्रीय विद्यालय आईआई टी के प्राचार्य आर सी पाण्डेय ने उपभोक्ता होने के अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करने हेतु सलाह दी। साथ ही ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर बल दिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक डॉ0 नरेन्द्र मोहन ने उपभोक्ता दिवस के विषय एम्पॉवरिंग कंस्यूमर्स थ्रू क्लीन एनर्जी के परिपेक्ष में शर्करा संस्थान द्वारा क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में उठाये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को प्रेरित किया की वे जागरूक नागरिक और उपभोक्ता बने।

# सजग रहेंगे तो कभी नहीं ठगेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय द्वारा विश्व उपभोक्ता दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। विपणन निरीक्षण निदेशालय के उप कृषि विपणन सलाहकार डॉ. गजेंद्र सिंह ने छात्रों को सजग उपभोक्ता बनने के उपाय बताते हुए उन्हें संकल्प के साथ शपथ दिलाई। केंद्रीय विद्यालय आईटीआई के प्राचार्य आरसी पांडेय ने उपभोक्ता होने के अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक डॉ. नरेंद्र मोहन ने एम्पॉवरिंग कंस्यूमर्स थ्रू क्लीन एनर्जी के बारे में विस्तार से कहा। उन्होंने इसके परिपेक्ष में राष्ट्रिय शर्करा संस्थान द्वारा क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में उठाये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही कार्यक्रम में मौजूद छात्रों को प्रेरित किया की वे जागरूक नागरिक और उपभोक्ता बनें।



कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

- **विश्व उपभोक्ता दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम**
- **राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में विपणन की ओर से आयोजन**

इस दौरान प्रभारी आरसी वर्मा, अतुल कुमार द्विवेदी, अनुपम कुमार ने भी इस पर सुझाव दिए। इस दौरान एगमार्क अनुमोदित पदार्थों एवं कृषक उत्पादक समूहों द्वारा जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी। इस मौके पर बच्चों को मिलावटी उत्पादों के पहचान हेतु सरल जांच विधियों को मिनी लैब के माध्यम से क्षेत्रीय एगमार्क प्रयोगशाला के रसायनज्ञों ने प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# जागो ग्राहक जागो, अपने अधिकारों को जानो

**विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर एनएसआई में हुए कार्यक्रम में बोले वक्ता**

माई सिटी रिपोर्टर

**कानपुर।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के मौके पर विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि उपभोक्ता अपने अधिकार के प्रति जागें, साथ ही अपनी जिम्मेदारियों को भी निभाएं। लोग यह भी जानें कि नागरिक की हैसियत से उन्हें करना क्या है? क्लीन एनर्जी-ग्रीन एनर्जी के मद्देनजर पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक हों।



प्रो. नरेंद्र मोहन।

एनएसआई परिसर स्थित एगमार्क प्रयोगशाला में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) के निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने कहा कि विभिन्न एजेंसी के मानकों में विविधता है। इसे दूर किया जाए और एक उत्पाद-एक मानक की व्यवस्था लागू हो। उन्होंने बताया कि कोरोना के बाद खेत से खाने की टेबल तक सुरक्षित भोजन की बात कही जाने लगी है। इस मौके पर केंद्रीय विद्यालय आईआईटी के विद्यार्थी मौजूद रहे। उनसे कहा गया कि हर छात्र हर 10 व्यक्तियों को उपभोक्ताओं के अधिकार के प्रति जागरूक करे। इस वर्ष की थीम 'एम्पावरिंग कंज्यूमर्स थ्रू क्लीन एनर्जी' है।

विशिष्ट अतिथि केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य आरसी पांडेय ने कहा कि उपभोक्ता अधिकारों के मसले को सिर्फ खाद्य पदार्थों तक ही सीमित न रखें। ऊर्जा संरक्षण आदि क्षेत्रों में भी इसका ख्याल रखा जाएगा। उप कृषि विपणन सलाहकार डॉ. गजेंद्र सिंह ने केंद्रीय विद्यालय के छात्रों को सजग उपभोक्ता बनने की शपथ दिलाई। इस मौके पर केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक प्रदीप सिंह, अखिलेश यादव और डॉ. जेपी सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय एगमार्क प्रयोगशाला के प्रभारी आरसी वर्मा, विपणन अधिकारी अतुल कुमार द्विवेदी, अनुपम कुमार, विनय शुक्ला, डॉ. संतोष सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## मिलावट के बारे में बताया

एगमार्क की केमिस्ट अलका त्रिपाठी ने स्कूली बच्चों को मिलावटी उत्पादों के पहचान के तरीके के बारे में बताया। शहद, घी, मसालों में मिलावट के तरीके के बारे में बताया। साथ ही कंपनियों और कृषक उत्पादक समूहों ने जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई।

## चित्रों से बताए अधिकार

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर भाषण प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्रों ने चित्रों पर उपभोक्ताओं के अधिकार उकेरे। इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. शशिकांत त्रिपाठी मौजूद रहे। (ब्यूरो)